# छत्तीसगढ़ विधान सभा

( चतुर्थ )

**खण्ड - 8**

## जुलाई, 2016 सत्र

**के**

# प्रश्नों के पूर्ण उत्तर

**( दिनांक 15 नवम्बर, 2016 को सदन में प्रस्तुत )**

राजनांदगांव
शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय
2016

## प्रस्तावना

छत्तीसगढ़ विधान सभा प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के अध्याय-7 "प्रश्न" में नियम क्रमांक 28 से नियम क्रमांक 50 तक सभा में माननीय सदस्यों द्वारा प्रश्न पूछने की सम्पूर्ण प्रक्रिया, ग्राह्यता की शर्तें और सभा में प्रश्नकाल की प्रक्रिया के संबंध में प्रावधान उल्लेखित किये गये हैं.

प्रश्नकाल सभा का सबसे महत्वपूर्ण काल होता है. इसलिए सैद्धांतिक रूप से यह भी स्थापित हो चुका है कि प्रश्नकाल को स्थगित नहीं किया जाता. इसके साथ ही जब एक बार प्रश्न अध्यक्ष के द्वारा ग्राह्य कर लिया जाता है, तब शासन के लिए उस प्रश्न का उत्तर दिया जाना बंधनकारी होता है. अपवाद स्वरूप कभी-कभी ऐसी स्थितियां हो सकती हैं कि शासन के लिए यह संभव न हो कि वह निर्धारित अवधि में प्रश्न का उत्तर उपलब्ध कराए. ऐसी परिस्थिति में भी शासन के संबंधित विभाग को यह तो सूचित करना ही पड़ता है कि-"जानकारी एकत्रित की जा रही है".

इस संकलन में जुलाई, 2016 सत्र की बैठकों की प्रश्नोत्तर सूचियों में मुद्रित अपूर्ण उत्तरों का संबंधित विभागों द्वारा प्रेषित पूर्ण उत्तरों तथा पुनरीक्षित उत्तरों को मुद्रित कराया गया है.

शासन द्वारा पूर्व में दी गयी जानकारी बड़े कोष्ठक [............] के अंदर मुद्रित है. इस संकलन में खेल एवं युवक कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, महिला एवं बाल विकास तथा पर्यटन विभाग के प्रश्न तथा यथासमय विभागों से प्राप्त प्रश्नों के उत्तर में संशोधन एवं प्रश्नोत्तर सूची के शुद्धि पत्रों की सूची सम्मिलित किए गए हैं.

रायपुर,

दिनांक : 04 नवम्बर, 2016

**देवेन्द्र वर्मा,**
प्रमुख सचिव.

# विषय सूची



| क्रमांक | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | जुलाई, 2016 सत्र से संबंधित प्रश्नोत्तर | 1-3 |
| 2. | जुलाई, 2016 सत्र के प्रश्नोत्तरों से संबंधित परिशिष्ट | 4-6 |
| 3. | जुलाई, 2016 सत्र में प्राप्त प्रश्नों के उत्तर में संशोधन तथा प्रश्नोत्तर सूची के शुद्धि पत्रों की सूची. | 7-41 |

# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## जुलाई, 2016 सत्र के प्रश्नों के पूर्ण उत्तर

### जिला महासमुंद में खेल एवं युवा कल्याण मद की व्यय राशि के संबंध में

1. (क्र. 270) **श्री रामलाल चौहान :** क्या श्रम मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महासमुंद जिले में खेल एवं युवा कल्याण मद से वर्ष 2013-14 एवं 2015-16 में दिनांक 31-03-2016 की अवधि तक कितनी-कितनी राशि खेलकूद, स्टेडियम, मिनी स्टेडियम निर्माण हेतु स्वीकृत की गई ? विकासखण्डवार, वर्षवार बतायें. (ख) उक्तावधि में स्वीकृत राशि का व्यय किस-किस मद से किया गया है ? वर्षवार, विकासखंडवार आयोजन स्तरवार बतायें ? (ग) उक्तावधि में महासमुंद जिले में कितने खिलाड़ियों को किन-किन खेलों हेतु राष्ट्रीय स्तर पर खेलने हेतु चयन हुआ ? वर्षवार, खेलवार बतावें.

श्रम मंत्री (श्री भईयालाल राजवाड़े) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में स्टेडियम एवं मिनी स्टेडियम निर्माण हेतु राशि स्वीकृत नहीं की गई है. वर्ष 2013-14 में जिले के प्रत्येक विकासखंड के लिये खेल कूद हेतु रु. 72000/- एवं वर्ष 2015-16 में जिले के प्रत्येक विकासखंड के लिये खेल कूद हेतु रु. 264200/- स्वीकृत किये गये हैं. उपरोक्त के अतिरिक्त जिला स्तरीय खेल आयोजन हेतु वर्ष 2013-14 के लिए रु. 605310/- एवं वर्ष 2015-16 में जिला एवं राज्य स्तरीय आयोजन के लिए रु. 1698860/- स्वीकृत किए गए हैं. (ख) स्वीकृत राशि का व्यय वर्ष 2013-14 में जिले के प्रत्येक विकासखंड के लिये विकासखंड स्तरीय मैराथन दौड़, विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता, विकासखंड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिये आयोजन मदों में तथा वर्ष 2015-16 में विकासखंड स्तरीय मैराथन दौड़, विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता, विकासखंड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिये आयोजन मदों में किया गया है. उपरोक्त के अतिरिक्त जिला एवं राज्य स्तरीय आयोजन हेतु स्वीकृत राशि का व्यय खेल प्रशिक्षण शिविर, जिला स्तरीय मैराथन, जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता, जिला स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता, सिविल सेवा प्रतियोगिता एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजन एवं भागीदारी के लिए आयोजन मदों में किया गया है. (ग) वर्ष 2013-14 में कबड्डी के 04, हैण्डबॉल के 09, बेसबॉल का 01, भारोत्तोलन के 03, रस्साकसी के 02, बॉल बैडमिंटन के 02, वॉलीबाल का 01, खो-खो का 01 तथा वर्ष 2015-16 में हैण्डबॉल के 16, हॉकी के 07, बॉल बैडमिंटन के 03, टेनिस बॉल क्रिकेट का 01, फुटबॉल का 01, कबड्डी के 04, वालीबॉल के 03, फ्लोरबॉल के 02, सिलम्बम का 01, फुटबॉल टेनिस का 01, वेटलिफ्टिंग का 01, योग के 01 खिलाड़ी का चयन राष्ट्रीय स्तर पर खेलने हेतु हुआ है.

[पुनरीक्षित उत्तर]

### छत्तीसगढ़ प्रदेश से पलायन कर गये लोगों एवं उनके साथ जनित दुर्घटनाओं के बारे में

2. (क्र. 12) **श्री कवासी लखमा :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर संभाग से वर्ष 2013 से मई 2016 तक कितने लोग पलायन कर गये हैं ? जिलेवार, वर्षवार जानकारी देवें ? (ख) छत्तीसगढ़ प्रदेश से पलायन करके गये कितने लोगों की प्रदेश से बाहर विभिन्न दुर्घटनाओं में मौतें हुई है ? जिलेवार वर्षवार अलग-अलग जानकारी देवें ? (ग) मृतक परिवार के लोगों को शासन द्वारा क्या-क्या सुविधायें मुहैया करायी गयी ?

राजस्व मंत्री (श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय) : [(क) से (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है ] (क) बस्तर के विभिन्न जिलों से वर्ष 2013 से मई 2016 तक अधिक मजदूरी की तलाश में बाहर गये लोगों की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट के कालम क्रमांक 1 से 6 में दर्शाये अनुसार है. (ख) छत्तीसगढ़ प्रदेश से अधिक मजदूरी की तलाश में बाहर गये 12 लोगों की मृत्यु विभिन्न दुर्घटनाओं में हुई है. जिलेवार तथा वर्षवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट के कालम क्रमांक 7 से 10 में दर्शाये अनुसार है. (ग) मृत व्यक्तियों के परिवार को शासन द्वारा दी गई सुविधाओं की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट के कालम क्रमांक 11 एवं 12 में दर्शाये अनुसार है.

[पृथक् वितरित उत्तर]

---

† परिशिष्ट "एक"

## प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों में अमृत दूध का वितरण

3. (क्र. 1042) **श्री शंकर ध्रुवा :** क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) आंगनबाड़ी केन्द्रों में अमृत दूध योजना के अंतर्गत कितने वर्ष की आयु वाले बच्चों को सप्ताह में कितनी बार कितनी मात्रा में दूध दिया जाना है ? (ख) प्रश्नांश "क" की योजना के प्रारंभ से कितने बच्चों को लाभान्वित किया गया है एवं उसमें कितनी राशि व्यय की गई है ? (ग) योजना के प्रारंभ के पश्चात से उक्त दूध के सेवन से कितने बच्चों के बीमार पड़ने की शिकायतें प्राप्त हुई एवं उसकी जांच में क्या पाया गया ?

**महिला एवं बाल विकास मंत्री** (श्रीमती रमशीला साहू) : [(क) से (ग) जानकारी संकलित की जा रही है.] (क) मुख्यमंत्री अमृत योजना अंतर्गत 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को सप्ताह में एक बार 100 मिलीलीटर दूध दिया जाना है. (ख) योजना प्रारंभ से 30 जून, 2016 तक औसत रूप से प्रतिमाह लगभग 391860 बच्चों को योजनांतर्गत लाभांवित किया गया है. इस पर 3,01,45,816/- रुपये (तीन करोड़ एक लाख पैंतालीस हजार आठ सौ सोलह रु.) की राशि व्यय हुई है. (ग) मुख्यमंत्री अमृत योजना अंतर्गत दूध के सेवन से किसी बच्चे के बीमार पड़ने की शिकायत प्राप्त नहीं हुई. अत: जांच का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता.

[पृथक् वितरित उत्तर]

## प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए शुरू की गई अमृत दुध योजना के संबंध में

4. (क्र. 1147) **श्री भूपेश बघेल :** क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए शुरू की गई अमृत दूध योजना के तहत दूध के आपूर्ति का ठेका किस प्रायवेट फर्म को, किन शर्तों पर, कब दिया गया है ? फर्म तथा फर्म के संचालक का नाम, पता बतावें. (ख) बच्चों को वितरित किये जाने वाले दूध की गुणवत्ता की जांच (कंपनी के अंदर व वितरण के पूर्व) हेतु क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है ? (ग) उक्त फर्म द्वारा दिनांक 30 जून 2016 की स्थिति में कितनी मात्रा में दूध की आपूर्ति की जा चुकी है ? उक्त फर्म को कितना भुगतान किया जा चुका है ? तथा कितना भुगतान शेष है ? (घ) प्रदेश के आंगनबाड़ियों में प्रतिदिन दूध की खपत कितनी है ? जिलेवार जानकारी देवें ?

**महिला एवं बाल विकास मंत्री** (श्रीमती रमशीला साहू) : [(क) से (घ) जानकारी संकलित की जा रही है.] (क) प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए शुरू की गयी अमृत दूध योजना के तहत दूध आपूर्ति का ठेका किसी प्रायवेट फर्म को नहीं दिया गया है. अत: शेष प्रश्नांश का उत्तर उपस्थित नहीं होता. (ख) मुख्यमंत्री अमृत योजना अंतर्गत छ.ग. राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ द्वारा प्रदायित दूध की गुणवत्ता की जांच दुग्ध महासंघ के उरला जिला दुर्ग में स्थित प्लांट में एवं ग्राम-बुडेरा, पो.ऑ.-खरोरा, जिला-रायपुर के प्लांट में स्थापित प्रयोगशाला में प्रत्येक स्तर पर की जाती है. रेण्डम आधार पर भारत शासन से मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में भी दुध की जांच कराई जाती है तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा भी दूध के नमूनों की जांच की जाती है. (ग) 30 जून, 2016 की स्थिति में दूग्ध महासंघ द्वारा 331292 लीटर दूध की आपूर्ति की जा चुकी है. प्रश्नाधीन अवधि तक कुल 3,01,45,816/- रुपये (तीन करोड़ एक लाख पैंतालीस हजार आठ सौ सोलह रु.) की राशि का भुगतान किया गया है, एवं 25,70,373/- रुपये (पच्चीस लाख सत्तर हजार तीन सौ तिहत्तर रु.) की राशि का भुगतान शेष है. (घ) आंगनबाड़ी केन्द्रों में दूध का वितरण प्रतिदिन नहीं किया जाता बल्कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों को सप्ताह में 01 दिवस को, उस दिन उपस्थित बच्चों को ही 100 मि.ली. दूध प्रति बच्चे के मान से वितरण किया जाता है. अत: प्रतिदिन दूध की खपत नहीं होती है.

[पृथक् वितरित उत्तर]

## मोटलों की जानकारी

5. (क्र. 669) **श्री अमरजीत भगत :** क्या सहकारिता मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कितने मोटल है? उनमें से कितने संचालित है तथा कितने बंद है, जिलेवार जानकारी देवें ? (ख) वर्ष 2013-14, 2014-15, 2015-16 में मोटलों के संचालन से विभाग को कितनी आय हुई है ? उक्तावधि में मोटलों के रखरखाव में कितना व्यय हुआ है ? वर्षवार जानकारी देवें ?

**सहकारिता मंत्री** (श्री दयालदास बघेल) : (क) प्रदेश में कुल 16 मोटल है, उनमें से 02 पर्यटन मंडल द्वारा तथा 02 प्रबंधकीय अनुबंधकर्ता द्वारा के माध्यम से संचालित एवं 02 संबंधित जिला कलेक्टर को हस्तांतरित तथा 10 बंद है, मोटल की जिलेवार जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. (1) | मोटल का नाम (2) | जिला का नाम (3) | संचालन व बंद की स्थिति (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | चंदैनी गोंदा रिसॉर्ट, खपरी | दुर्ग | छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल संचालित |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 2. | गोरगा टूरिस्ट कॉटेज, तीरथगढ़ | बस्तर | छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल संचालित |
| 3. | पुन्नी टूरिस्ट रिसॉर्ट, राजिम | रायपुर | प्रबंधकीय अनुबंधकर्ता द्वारा संचालित |
| 4. | जवारा टूरिस्ट रिसॉर्ट, तुमड़ीबोड़ | राजनांदगांव | प्रबंधकीय अनुबंधकर्ता द्वारा संचालित |
| 5. | पोंडूम टूरिस्ट कॉटेज, हारम | दंतेवाड़ा | कलेक्टर दंतेवाड़ा को हस्तांतरित |
| 6. | धनकुल टूरिस्ट रिसॉर्ट, कोण्डागांव | कोण्डागांव | कलेक्टर कोण्डागांव को दिनांक 01-10-2015 से हस्तांतरित किया गया. |
| 7. | कोडार टूरिस्ट कॉटेज, कांपा | महासमुंद | संचालन बंद |
| 8. | पंडवानी टूरिस्ट कॉटेज, केन्द्री | रायपुर | संचालन बंद |
| 9. | करमा टूरिस्ट कॉटेज, भाठागांव | धमतरी | संचालन बंद |
| 10. | भरथरी टूरिस्ट रिसॉर्ट, सरगांव | बिलासपुर | संचालन बंद |
| 11. | पंडो टूरिस्ट रिसॉर्ट, कोनकोना | कोरबा | संचालन बंद |
| 12. | सरहूल टूरिस्ट रिसॉर्ट, चढ़िरमा | सरगुजा | संचालन बंद |
| 13. | पोला टूरिस्ट रिसॉर्ट, चिरगुड़ा | कोरिया | संचालन बंद |
| 14. | बासी तीतरा टूरिस्ट रिसॉर्ट, नथियानवागांव | कांकेर | संचालन बंद |
| 15. | पंथी टूरिस्ट कॉटेज, कुलीपोटा | जांजगीर-चांपा | संचालन बंद |
| 16. | चक्रधर टूरिस्ट कॉटेज, कोड़ातराई | रायगढ़ | संचालन बंद |

(ख) मोटलों के संचालन से विभाग को वर्ष 2013-14, 2014-15, 2015-16 में प्राप्त आय † संलग्न परिशिष्ट में है, एवं उत्तर "क" में दर्शित 16 मोटलों के रखरखाव में वर्ष 2013-14, 2014-15, 2015-16 में कोई राशि व्यय नहीं की गई है.

[पुनरीक्षित उत्तर]

-------------

† परिशिष्ट "दो"

# जुलाई, 2016 सत्र के प्रश्नोत्तरों से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ प्रश्न संख्या 02 (क्र. 12) के भाग (क) से (ग) की जानकारी ]

**पलायन कर गये लोगों एवं उनके साथ जनित दुर्घटनाओं की जानकारी**

वर्ष 2013 से मई 2016 तक

| क. | जिले/विभाग का नाम | पलायन किये गये व्यक्तियों की संख्या | | | | वर्षवार मृतको की संख्या | | | | दी गई सहायता राशि | विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2013 | 2014 | 2015 | मई 2016 | 2013 | 2014 | 2015 | मई 2016 | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | बस्तर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 2 | कांकेर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 3 | दंतेवाड़ा | 0 | 10 | 18 | 16 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 4 | बीजापुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 5 | नारायणपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 6 | कोण्डागांव | 0 | 0 | 76 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0.00 | |
| 7 | सुकमा | 0 | 0 | 0 | 9 | 0 | 0 | 0 | 5 | 2000000.00 | 2 व्यक्तियों को 10–10 लाख रूपये सहाता दी गई, तथा दो व्यक्तियों के वारिशान प्रमाण पत्र के अभाव में भुगतान की कार्यवाही प्रकियाधीन है। श्री वेको देवा पिता जोगा निवासी नागारास विकासखण्ड सुकमा को आर्थिक सहायता हेतु सचिव छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल रायपुर को प्रस्ताव भेजा गया है। |
| 8 | रायपुर | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 9 | महासमुंद | | | | | 0 | 0 | 0 | 4 | | |
| 10 | धमतरी | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 11 | दुर्ग | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 12 | राजनांदगांव | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 13 | कबीरधाम | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 14 | बिलासपुर | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 15 | जांजगीर–चांपा | | | | | 0 | 0 | 0 | 1 | | आर्थिक सहायता हेतु सचिव छ0ग0 भवन सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल रायपुर को प्रस्ताव भेजा गया है। |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | कोरबा | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 17 | रायगढ़ | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 18 | जशपुर | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 19 | सरगुजा | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 20 | कोरिया | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 21 | गरियाबंद | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 22 | बलौदाबाजार | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | | |
| 23 | बालोद | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 24 | बेमेतरा | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 25 | मुंगेली | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 26 | बलरामपुर | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| 27 | सूरजपुर | | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | |
| | योग | 0 | 10 | 94 | 25 | 0 | 0 | 2 | 10 | 2000000.00 | |

## परिशिष्ट "दो"

[ प्रश्न संख्या 05 (क्र. 669) के भाग (ख) की जानकारी ]

**मोटलों के संचालन से विभाग को वर्ष 2013-14, 2014-15, 2015-16 में प्राप्त आय की जानकारी वर्षवार निम्नानुसार है :—**

| क्र. | मोटल का नाम | जिला का नाम | वर्षवार आय (रू.में) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 |
| 01 | चंदैनी गोंदा रिसॉर्ट, खपरी | दुर्ग | 63,000 | 17,793 | 9,795 |
| 02 | गोरगा टूरिस्ट कॉटेज, तीरथगढ़ | बस्तर | दिनांक 01/06/2016 से संचालन प्रारंभ किया गया है। | | |
| 03 | पुन्नी टूरिस्ट रिसॉर्ट, राजिम | रायपुर | 2,29,167 | 2,50,000 | 2,50,000 |
| 04 | जवारा टूरिस्ट रिसॉर्ट तुमड़ीबोड़ | राजनांदगांव | 3,20,000 | 3,20,000 | 3,20,000 |
| 05 | धनकुल टूरिस्ट रिसॉर्ट, कोण्डागांव | कोण्डागांव | 3,00,000 | 2,00,000 | कलेक्टर कोण्डागांव को दिनांक 01.10.2015 को हस्तांतरित किया गया। |
| 06 | पोंडूम टूरिस्ट कॉटेज, हारम | दंतेवाड़ा | कलेक्टर दक्षिण बस्तर को हस्तांतरित | | |
| 07 | कोडार टूरिस्ट कॉटेज, कांपा | महासमुंद | 1,46521 | 1,79,923 | 1,50,599 |
| 08 | पंडवानी टूरिस्ट कॉटेज, केन्द्री | रायपुर | 2,00,000 | 1,80,000 | — |
| 09 | करमा टूरिस्ट कॉटेज, भाठागांव | धमतरी | 1,00,000 | — | — |
| 10 | भरथरी टूरिस्ट रिसॉर्ट, सरगांव | बिलासपुर | 2,00,000 | 68,889 | — |
| 11 | पडो टूरिस्ट रिसॉर्ट, कोनकोना | कोरबा | — | — | — |
| 12 | सरहूल टूरिस्ट रिसॉर्ट, चढ़िरमा | सरगुजा | 4,55,000 | 38,333 | — |
| 13 | पोला टूरिस्ट रिसॉर्ट, चिरगुड़ा | कोरिया | 1,40,833 | 68,357 | — |
| 14 | बासी तीतरा टूरिस्ट रिसॉर्ट, नथियानवागांव | कांकेर | 7,23,000 | 4,21,167 | — |
| 15 | पंथी टूरिस्ट कॉटेज, कुलीपोटा | जांजगीर चांपा | — | — | — |
| 16 | चक्रधर टूरिस्ट कॉटेज, कोड़ातराई | रायगढ़ | 4,05,000 | 1,07,500 | — |
| | | कुल राशि रू. | 32,82,521 | 18,51,962 | 7,30,394 |

## जुलाई, 2016 सत्र में प्राप्त प्रश्नों के उत्तर में संशोधन/वक्तव्य तथा प्रश्नोत्तर सूची से संबंधित शुद्धि पत्रों की सूची

| क्रमांक | दिनांक | प्रश्न संख्या (क्रमांक) | विभाग का नाम | पृथक वितरित/ पुनरीक्षित/ संशोधन/वक्तव्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11.7.16 | ता. 23 (क्र–210) | ऊर्जा | संशोधन |
| 2 | 11.7.16 | ता. 2 (क्र–256) | ऊर्जा | संशोधन/वक्तव्य (दिनांक 19.7.16 को सदन में दिया गया) |
| 3 | 11.7.16 | अता. 14 (क्र–232) | खेल एवं युवा कल्याण | संशोधन |
| 4 | दिनांक 11 जुलाई, 2016 से संबंधित शुद्धि पत्र | | | |
| 5 | 12.07.16 | ता. 2 (क्र–475) | लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | संशोधन |
| 6 | 12.07.16 | ता. 11 (क्र–484) | खाद्य | संशोधन |
| 7 | दिनांक 12 जुलाई, 2016 से संबंधित शुद्धि पत्र | | | |
| 8 | 13.07.16 | ता. 3 (क्र–622) | वन | संशोधन |
| 9 | 13.07.16 | ता. 6 (क्र–696) | नगरीय प्रशासन एवं विकास | संशोधन |
| 10 | दिनांक 13 जुलाई, 2016 से संबंधित शुद्धि पत्र | | | |
| 11 | 15.07.16 | ता. 1 (क्र–836) | लोक निर्माण | संशोधन |
| 12 | 15.07.16 | ता. 4 (क्र–807) | लोक निर्माण | संशोधन |
| 13 | 15.07.16 | ता. 8 (क्र–187) | लोक निर्माण | संशोधन |
| 14 | दिनांक 15 जुलाई, 2016 से संबंधित शुद्धि पत्र | | | |
| 15 | 18.07.16 | ता. सं-- 2(क्र--1142) | ऊर्जा | संशोधन |
| 16 | दिनांक 18 जुलाई, 2016 से संबंधित शुद्धि पत्र | | | |
| 17 | 19.07.16 | ता. सं–11(क्र–1066) | पंचायत एवं ग्रामीण विकास | संशोधन |
| 18 | 19.07.16 | ता. सं–14(क्र–1076) | लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | संशोधन |
| 19 | दिनांक 19 जुलाई, 2016 से संबंधित शुद्धि पत्र | | | |

## प्रश्नो के उत्तर में संशोधन पढ़ने का प्रारूप–

माननीय अध्यक्ष महोदय,

आज दिनांक 11 जुलाई 2016 की प्रश्नोत्तर सूची के पृष्ठ 08 में मुद्रित तारांकित प्रश्न सरल क्रमांक 23 (क्रमांक 210) के उत्तर के भाग–क से संबंधित प्रपत्र–अ में निम्नानुसार संशोधन करना चाहता हूं :–

प्रश्नोत्तर सूची में मुद्रित उत्तर के भाग(क) से संबंधित परिशिष्ट "चौदह" (पृष्ठ 88) के प्रपत्र–अ को पूर्णतः विलोपित करते हुए कृपया संलग्न पुनरीक्षित प्रपत्र–अ पढ़ा जावे।

डॉ. रमन सिंह
मुख्यमंत्री
भारसाधक मंत्री, ऊर्जा

पुनरीक्षित प्रपत्र–अ

राज्य में बीपीएल/एपीएल परिवारों तथा सिंचाई पम्प, हेतु कनेक्शन जारी करने के लिए दिनांक 01 जुलाई 2016 से देय शुल्क की जानकारी

| क्रमांक | योजना का नाम | दी जा रही सुविधा | देय भुगतान का विवरण |
|---|---|---|---|
| 01. | दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (पूर्व में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के नाम से प्रचलित) | विद्यमान लाइन से 30 मीटर दूरी तक बीपीएल कनेक्शन निःशुल्क | कोई भुगतान देय नही। |
| 02. | मुख्यमंत्री मजरा/टोला विद्युतीकरण योजना | विद्यमान लाइन से 30 मीटर दूरी तक बीपीएल कनेक्शन निःशुल्क | कोई भुगतान देय नही। |
| 03. | मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना | विद्यमान लाइन से 30 मीटर दूरी तक बीपीएल कनेक्शन निःशुल्क | कोई भुगतान देय नही। |
| 04. | एपीएल घरेलू कनेक्शन | ऐसे आवेदन जिसमें कनेक्शन हेतु लाइन विस्तार आवश्यक नहीं है, अधिकतम 7 दिवस में कनेक्शन. | (1)सिंगल फेज़ हेतु सर्विस कनेक्शन चार्जेस रुपये 500/–<br>(2)थ्री फेज़ हेतु सर्विस कनेक्शन चार्जेस, अ–25 एचपी भार तक रुपये 875/– ब़– 25 एचपी से अधिक भार पर रुपये 900/– प्रति कनेक्शन।<br>(3)सप्लाई एफोर्डिंग चार्जेस – एक किलोवाट भार तक रुपये 500/– तथा एक किलोवाट से अधिक भार पर रुपये 500/– प्लस प्रत्येक अतिरिक्त किलोवाट या अंश पर रुपये 1,000/– प्रति किलोवाट के मान पर।<br>(4)एग्रीमेंट हेतु स्टाम्प शुल्क रुपये 51/–<br>(5)सुरक्षा निधि के मद में रुपये 1100/– प्रति किलोवाट के मान से। |

| क्रमांक | योजना का नाम | दीं जा रही सुविधा | देय भुगतान का विवरण |
|---|---|---|---|
| 04. | एपीएल घरेलू कनेक्शन | ऐसे आवेदन जिसमें कनेक्शन हेतु लाइन विस्तार आवश्यक है, में एक्सटेंशन हेतु दूरी आधारित भुगतान की सुविधा। | (1)लाइन विस्तार हेतु पहले 100 मीटर तक रुपये 50/– प्रति मीटर तथा 100 मीटर से अधिक अंश के एक्सटेंशन रुपये 100/– प्रति मीटर के मान से।<br>(2)सिंगल फेज़ हेतु सर्विस कनेक्शन चार्जेस रुपये 500/–<br>(3)थ्री फेज़ हेतु सर्विस कनेक्शन चार्जेस, अ–25 एचपी भार तक रुपये 875/– ब– 25 एचपी से अधिक भार पर रुपये 900/– प्रति कनेक्शन।<br>(4)सप्लाई एफोर्डिंग चार्जेस – एक किलोवाट भार तक रुपये 500/– तथा एक किलोवाट से अधिक भार पर रुपये 500/– प्लस प्रत्येक अतिरिक्त किलोवाट या अंश पर रुपये 1,000/– प्रति किलोवाट के मान पर।<br>(5)एग्रीमेंट हेतु स्टाम्प शुल्क रुपये 51/–<br>(6)सुरक्षा निधि के मद में रुपये 1100/– प्रति किलोवाट के मान से। |
| 05. | सिंचाई पम्प ऊर्जीकरण की योजना | ऐसे आवेदन जिसमें कनेक्शन हेतु लाइन विस्तार आवश्यक नहीं है, में निर्धारित शुल्क के भुगतान उपरांत कनेक्शन की सुविधा. | (1)सिंगल फेज़ हेतु सर्विस कनेक्शन चार्जेस रुपये 500/–<br>(2)थ्री फेज़ हेतु सर्विस कनेक्शन चार्जेस, अ–25 एचपी तक रुपये 875/– ब–25 एचपी से अधिक रुपये 900/–<br>(3)एग्रीमेंट हेतु स्टाम्प शुल्क रुपये 51/–<br>(4)सुरक्षा निधि के मद में रुपये 150/– प्रति एचपी। |
| | | ऐसे आवेदन जिसमें कनेक्शन हेतु लाइन विस्तार आवश्यक है, में 75 हजार तक लाइन विस्तार निःशुल्क। लाइन विस्तार कार्य पूर्ण होने पर निर्धारित शुल्क के भुगतान उपरांत कनेक्शन की सुविधा. | (1)सिंगल फेज़ हेतु सर्विस कनेक्शन चार्जेस रुपये 500/–<br>(2) थ्री फेज़ हेतु सर्विस कनेक्शन चार्जेस, अ–25 एचपी तक रुपये 875/– ब–25 एचपी से अधिक रुपये 900/–<br>(3)एग्रीमेंट हेतु स्टाम्प शुल्क रुपये 51/–<br>(4)सुरक्षा निधि के मद में रुपये 150/– प्रति एचपी।<br>(5)लाइन विस्तार में रुपये 75 हजार से अधिक व्यय होने पर आधिक्य की राशि। |

मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

# विधानसभा में दिनांक 11 जुलाई 2016 को प्रश्नोत्तर सूची में मुद्रित तारांकित प्रश्न सरल क्रमांक 02 (क्रमांक 256) द्वारा श्री टी0एस0 सिंहदेव पर चर्चा के समय उक्त प्रश्न के प्रपत्र–अ और प्रपत्र–ब में दी गई जानकारी में हुई त्रुटि पर वक्तव्य

**माननीय अध्यक्ष महोदय,**

विगत दिनांक 11 जुलाई 2016 की प्रश्नोत्तर सूची के पृष्ठ–01 में मुद्रित तारांकित प्रश्न सरल क्रमांक 02 (क्रमांक 256) के उत्तरांश क और ख के प्रपत्र–अ और प्रपत्र–ब में हुई टंकण त्रुटि पर, मैं वक्तव्य देना चाहता हूँ , जो निम्नानुसार है:–

प्रश्नोत्तर पुस्तिका के पृष्ठ–34 में मुद्रित परिशिष्ट–दो के प्रपत्र–अ (पृष्ठ–34) के तालिका के कॉलम–8 में मुद्रित "एनटीपीसी व्यापार निगम लिमिटेड से" के स्थान पर "एनटीपीसी सेल से" पढ़ा जाए,

प्रश्नोत्तर पुस्तिका कइदउे पृष्ठ–34 में मुद्रित परिशिष्ट–दो के प्रपत्र–ब (पृष्ठ–35) के तालिका में सरल क्रमांक–5 के समक्ष मुद्रित "एनटीपीसी व्यापार निगम लिमिटेड से" के स्थान पर "एनटीपीसी सेल से" पढ़ा जाए,

और उक्त प्रश्न पर चर्चा के दौरान इस संबंध में जहां भी "एनटीपीसी व्यापार निगम लिमिटेड से" का उपयोग हुआ है के स्थान पर "एनटीपीसी सेल से" प्रतिस्थापित किया जाए।

डॉ0 रमन सिंह
मुख्यमंत्री
भारसाधक मंत्री ऊर्जा

# प्रश्नों में संशोधन पढ़ने का प्रारूप

माननीय अध्यक्ष महोदय,

आज दिनांक 11 जुलाई, 2016 की प्रश्नोत्तर सूची के पृष्ठ क्रमांक 19 में मुद्रित अतारांकित प्रश्न संख्या 14 (क्रमांक 232) में, मैं निम्नानुसार संशोधन करना चाहता हूं :-

प्रश्नोत्तर सूची में मुद्रित उत्तर के भाग 'क' एवं 'ख' से संबंधित परिशिष्ट ''बत्तीस'' के प्रपत्र 'अ' के ''वर्ष 2015-16'' की तालिका में मुद्रित पंक्ति

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| ग्रामीण खेल प्रतियोगिता | 200000 | विकासखण्ड ग्रामीण खेल प्रतियोगिता आयोजन | 200000 |

के स्थान पर कृपया निम्नानुसार संशोधित कर पढ़ा जावे ।

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| ग्रामीण खेल प्रतियोगिता | 175000 | विकासखण्ड ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन | 175000 |

शेष मुद्रित जानकारी यथावत पढ़ी जावे।

भईया लाल राजवाड़े
मंत्री, छ.ग. शासन
श्रम, खेल एवं युवा
कल्याण
एवं जनशिकायत निवारण

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

## शुद्धि–पत्र

दिनांक 11 जुलाई, 2016 की प्रश्नोत्तर सूची में मुद्रित निम्नलिखित अशुद्धियों को शुद्ध करके पढ़ा जावे :–

| प्रश्न संख्या एवं क्रमांक | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|
| | तारांकित प्रश्नोत्तर | |
| ता.प्र.सं. 06 (क्र. 25) प्रश्न एवं उत्तर (ड.) | (ड) | (ड.) |
| ता.प्र.सं. 07 (क्र. 275) शीर्षक | पूरक पोषण आहार आपूर्ति | पूरक पोषण आहार की आपूर्ति |
| ता.प्र.सं. 16 (क्र. 265) प्रश्न (घ) | नवीन भवन विभाग कब तक | नवीन भवन निर्माण कब तक |
| ता.प्र.सं. 19 (क्र. 260) उत्तर (ख) | उपकेन्द्र का निर्माण स्वीकृति किया गया | उपकेन्द्र का निर्माण स्वीकृत किया गया |
| | अतारांकित प्रश्नोत्तर | |
| अता.प्र.सं. 3 (क्र. 58) शीर्षक | प्री का किट क्रय | प्री किट का क्रय |

स्थान : विधान सभा भवन,
रायपुर
दिनांक : 10 जुलाई, 2016

देवेन्द्र वर्मा
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा

माननीय अध्यक्ष महोदय,

दिनांक 12/07/2016 की प्रश्नोत्तर सूची के पृष्ठ क्रमांक 01 में मुद्रित तारांकित प्रश्न संख्या-2 (क्रमांक-475) में, मैं निम्नानुसार संशोधन करना चाहता हूँ:-

**प्रश्नोत्तर सूची में मुद्रित उत्तर के भाग**

"क" मे वर्णित "बस्तर जिले के अंतर्गत केलेण्डर वर्ष 2016 मे 16.06.2016 तक महारानी अस्पताल जगदलपुर मे एक डस्ट बिन मे नवजात शिशु के गिरने संबधी शिकायत प्राप्त हुई है"

के स्थान पर निम्नानुसार संशेधित उत्तर पढ़ा जावे -

**"क" जगदलपुर के अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों के इलाज में लापरवाही बरतने संबंधी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है न दर्ज है।**

तथा

"ग" में वर्णित "05 माह के लिये" को **विलोपित किया जाये** ।

(अजय चंद्राकर)
मंत्री
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
तथा चिकित्सा शिक्षा

# प्रश्नों में संशोधन

माननीय अध्यक्ष महोदय,

आज दिनांक 12.07.2016 की प्रश्नोत्तर सूची के पृष्ठ कमांक 04 में मुद्रित तारांकित प्रश्न संख्या 11 (कमांक 484) में मैं निम्नानुसार संशोधन करना चाहता हूँ :–

प्रश्नोत्तर सूची में मुद्रित उत्तर के भाग "ख" में परिशिष्ट "पाँच" के सरल कमांक 3 "अन्नपूर्णा गुलाबी राशन कार्ड" के कॉलम "खाद्यान्न" में मुद्रित "36 किलो चावल"

के स्थान पर कृपया निम्नानुसार संशोधित उत्तर पढ़ा जावें :–

"35 किलो चावल"

शेष मुद्रित जानकारी यथावत् पढ़ी जावे।

पुन्नूलाल मोहले
हस्ताक्षर (मंत्री पदमान)
मंत्री
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण
ग्रामोद्योग, 20 सूत्रीय कार्यान्वयन
छत्तीसगढ़ शासन

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

## शुद्धि – पत्र

दिनांक 12 जुलाई, 2016 की प्रश्नोत्तर सूची में मुद्रित निम्नलिखित अशुद्धियों को शुद्ध करके पढ़ा जावे :–

| प्रश्न संख्या एवं क्रमांक | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|
| **तारांकित प्रश्नोत्तर** | | |
| ता.प्र.सं. 22 (क्र. 55) उत्तर के भाग 'क' में मुद्रित तालिका के स्तंभ–6 का शीर्षक | कियान्वयन एजेंसी | क्रियान्वयन एजेंसी |
| ता.प्र.सं. 24 (क्र. 366) शीर्षक | अनुसूचित क्षेत्र में चना | अनुसूचित क्षेत्रों में चना |
| **तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट** | | |
| ता.प्र.सं. 1 (क्र. 491) परिशिष्ट "एक" / पृ.क्र. 26 | तारांकित प्रश्न संख्या 01 (क्र. 491) के भाग (क) एवं (ग) की जानकारी | तारांकित प्रश्न संख्या 01 (क्र. 491) के भाग (क) से (ग) की जानकारी |
| तां.प्र.सं. 9 (क्र. 66) परिशिष्ट "चार" / वर्ष 2014–15 / स्तंभ–3 / पंक्ति क्रमांक–5 / पृ.क्र. 37 | 6. | 6.84 |
| दिनांक 11 जुलाई, 2016 की प्रश्नोत्तर सूची में मुद्रित अतारांकित प्रश्न संख्या–29 (क्र. 270) का पुनरीक्षित उत्तर पढ़ा जावे। | | |

**स्थान : विधान सभा भवन,**
**रायपुर**
**दिनांक: 11 जुलाई, 2016**

**देवेन्द्र वर्मा**
**प्रमुख सचिव**
**छत्तीसगढ़ विधान सभा**

# प्रश्नो में संशोधन पढ़ने का प्रारूप

माननीय अध्यक्ष महोदय,

आज दिनांक 13.07.2016 की प्रश्नोंत्तर सूची के पृष्ठ क्रमांक 01 में मुद्रित तारांकित प्रश्न संख्या 623 (क्रमांक–623) में से निम्नानुसार संशोधन करना चाहता हूं :–

उत्तर के भाग 'ग' में ''कुल 04 प्रकरणों में एफ.आई.आर. दर्ज करायी गयी। जप्त 41 वाहनों के राजसात के प्रकरण बनाये गये'' का लेख किया गया है ।

के स्थान पर कृपया निम्नानुसार संशोधित उत्तर पढ़ा जावें :–

उत्तर के भाग 'ग' में '' किसी भी प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज नही की गई है । जप्त 41 वाहनों कें राजसात के प्रकरण बनाये गये'' पढ़ा जावे ।

(महेश गागड़ा)
(महेश गागड़ा)
मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
वन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग

## प्रश्नों में संशोधन पढ़ने का प्रारूप

माननीय अध्यक्ष महोदय,

आज दिनांक 13.07.2016 को प्रश्नोत्त्तंर सूची के पृष्ठ कमांक 2 में मुद्रित तारांकित प्रश्न सख्या 6 (कमांक 696) में निम्नानुसार संशोधन करना चाहता हूँः–

प्रश्नोंत्तर सूंची में मुद्रित उत्तर के भाग ''ख'' में ''जानकारी परिशिष्ट ''ब'' संलग्न है। लंबित कार्यो का ब्यौरा की जानकारी परिशिष्ट ''स'' संलग्न है।''

के स्थान पर कृपया निम्नानुसार संशोधित उत्तर पढ़ा जावेंः–

**''नही। स्वीकृत राशि का समय सीमा में उपयोग सुनिश्चित नहीं किया गया है। समीक्षा शासन स्तर पर समय–समय पर की गई है। जानकारी परिशिष्ट ''ब'' संलग्न है। लंबित कार्यो का ब्यौरा की जानकारी परिशिष्ट ''स'' संलग्न है।''**

(अमर अग्रवाल)
मंत्री
नगरीय प्रशासन एवं विकास

परिशिष्ट "ब"

विधानसभा प्रश्न कमांक 696 अतारांकित

रायपुर जिले के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के समीक्षा बैठक की जानकारी

वर्ष 2015–16

| क्र | निकाय का नाम | समीक्षा दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | न.नि.रायपुर | 1) 20.07.2015<br>2) 12.10.2015<br>3) 19.01.2016 |
| 2 | न.नि.बीरगांव | 1) 20.07.2015<br>2) 12.10.2015<br>3) 19.01.2016 |
| 3 | न.पा.तिल्दानेवरा | 1) 14.07.2015<br>2) 12.10.2015<br>3) 20.01.2016 |
| 4 | न.पा.गोबरानवापारा | 1) 14.07.2015<br>2) 12.10.2015<br>3) 20.01.2016 |
| 5 | न.पा.आरंग | 1) 14.07.2015<br>2) 12.10.2015<br>3) 20.01.2016 |
| 6 | न.पं. अभनपुर | 1) 17.07.2015<br>2) 12.10.2015<br>3) 20.01.2016 |
| 7 | न.पं.मानाकैम्प | 1) 17.07.2015<br>2) 12.10.2015<br>3) 20.01.2016 |
| 8 | न.पं. खरोरा | 1) 17.07.2015<br>2) 12.10.2015<br>3) 20.01.2016 |
| 9 | न.पं.कूरा | 1) 17.07.2015<br>2) 12.10.2015<br>3) 20.01.2016 |

12/7/16

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
नगरीय प्रशासन एवं विकास वि.
मंत्रालय, रायपुर

परिशिष्ट "स"

विधानसभा प्रश्न कमांक 696 अतारांकित

रायपुर जिले के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के लंबित कार्यो की जानकारी

वर्ष 2015–16

| क्र | निकाय का नाम | लंबित कार्यो का ब्यौरा (कुल संख्या) |
|---|---|---|
| 1 | न.नि.रायपुर | 214 |
| 2 | न.नि.बीरगांव | — |
| 3 | न.पा.तिल्दानेवरा | 5 |
| 4 | न.पा.गोबरानवापारा | 4 |
| 5 | न.पा.आरंग | 3 |
| 6 | न.पं.अभनपुर | 2 |
| 7 | न.प.खरोरा | 28 |
| 8 | न.पं मानाकैम्प | 9 |
| 9 | न.पं.कूरा | 32 |
| | कुल योग | 297 |

12/7/16

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
नगरीय प्रशासन एवं विकास वि
मंत्रालय, रायपुर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

## शुद्धि – पत्र

दिनांक 13 जुलाई, 2016 की प्रश्नोत्तर सूची में मुद्रित निम्नलिखित अशुद्धियों को शुद्ध करके पढ़ा जावे :–

| प्रश्न संख्या एवं क्रमांक | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|
| **तारांकित प्रश्नोत्तर** | | |
| ता.प्र.सं. 10 (क्र. 678) प्रश्न (क) | थाना प्रभारी चांदो एंव अन्य पुलिस | थाना प्रभारी चांदो एवं अन्य पुलिस |
| ता.प्र.स. 12 (क्र. 639) प्रश्न (ख), (ग) | फेसिंग | फेंसिंग |
| ता.प्र.सं. 21 (क्र. 6) प्रश्न | योजना है ? हां तो | योजना है ? यदि हां तो |
| **तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट** | | |
| प्रश्नोत्तर सूची में मुद्रित तारांकित प्रश्न संख्या–6(क्र–696) से संबंधित परिशिष्ट ''चार'' के प्रपत्र–''अ'' में मुद्रित जानकारी के शीर्षक ''रायपुर जिले के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के विकास कार्यों '' के पश्चात् उप शीर्षक के रूप में ''नगर निगम रायपुर'' प्रतिस्थापित कर पढ़ा जावे। | | |
| प्रश्नोत्तर सूची के पृष्ठ क्रमांक–58 में मुद्रित तालिका (शीर्षक छोड़कर) को पृ.क्र. 59 में प्रतिस्थापित कर तथा पृ.क्र. 59 में मुद्रित तालिका एवं टीप (शीर्षक एवं प्रपत्र–अ छोड़कर) को पृ.क्र. 58 में प्रतिस्थापित कर पढ़ा जावे। | | |

**स्थान : विधान सभा भवन,**
**रायपुर**
**दिनांक: 12 जुलाई, 2016**

**देवेन्द्र वर्मा**
**प्रमुख सचिव**
छत्तीसगढ़ विधान सभा

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

## शुद्धि – पत्र

दिनांक 14 जुलाई, 2016 की प्रश्नोत्तर सूची में मुद्रित निम्नलिखित अशुद्धियों को शुद्ध करके पढ़ा जावे :–

| प्रश्न संख्या एवं क्रमांक | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|
| **तारांकित प्रश्नोत्तर** | | |
